डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय (लखनऊ)

मोहान रोड, उ0प्र0, लखनऊ। दूरभाष–0522–2998380, 2998381, 2998382, वेबसाइट : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक–27/प0सं0 709(A)/डॉ0श.मि.रा.पु.वि./2020–21 लखनऊ दिनांक– 23 अप्रैल, 2020

सेवा में,

समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/कोर्स कोआर्डिनेटर
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

महोदय/महोदया

आप अवगत ही है कि कोरोना वायरस (कोविड–19) के फैलाव को रोकने के लिए पूरा देश लॉक–डाउन है। जिससे विश्वविद्यालय में संचालित हो रही कक्षाऐं बाधित हैं। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों का शैक्षणिक नुकसान न हो ऐसी स्थिति में शासन एवं उच्च निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के कक्षाओं का ऑनलाइन संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुपालन में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शिक्षकवृन्द द्वारा ऑनलाइन कक्षायें संचालित करते हुए नोट्स भी उपलब्ध कराये जा रहें हैं। उक्त पाठ्य समाग्री को पाठ्यक्रमवार विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड किया जाना है, जिससे विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को वृहत रूप से लाभवान्वित किया जा सके।

उक्त के कम में आपसे अनुरोध है कि आपके विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पाठ्यकम पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित शिक्षक द्वारा पाठ्यकम के अनुरूप प्रति यूनिट/प्रश्न पत्र के आधार पर विद्यार्थियों को ऑनलाइन उपलब्ध कराये गये नोट्स यथा– पीडीएफ, फोटो कॉपी, यू0ट्यूब वीडियो आदि की साफ्ट कॉपी निम्न ईमेल पर दिनांक– 26.04.2020 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।

ई मेलः (क) registrar@dsmnru.ac.in
(ख) ar2.dsmnru@gmail.com

2. विषयवार/प्रश्नपत्रवार प्राप्त अध्ययन सामग्री की साफ्ट कॉपी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने (with security protection) हेतु सहायक कुलसचिव (शैक्षिक) को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

भवदीय
23/4/2020
(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1. माननीय कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
3. सहायक कुलसचिव, (शैक्षणिक) विश्वविद्यालय।
4. विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

C-14/D-Drive/Ahemad/Stationary/Kriy Aadesh/Latter